AOFFICE OF THE PRINCIPAL, SHRI KULEHSWAR MAHADEV
GOVERNEMENT COLLEGE GOBRA NAWAPARA RAIPUR (CG)
Email: govt.gnr.college@gmail.com Website: www.gcgn.in

नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय गोबरा नवापारा में बी.कॉम, बी.ए. बी.एससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।इसमें सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय से संबंधित समस्त जानकारी दी गयी। प्रभारी सहायक प्राध्यापक श्री जितेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को महाविद्यालयीन गतिविधियों, विश्वविद्यालयीन एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एस. आर. वड्डे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पाठ्यक्रम, परीक्षा और अनुशासन, शैक्षणेत्तर गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होनें छात्राओं से परिसर को साफ-सुथरा रखने तथा व्यक्तित्व विकास एवं कॅरियर-गाईडेंस के तथा कौशल विकास के कार्यक्रम में सहभागिता लेने का आव्हान किया।महाविद्यालय में इस सत्र से विज्ञान संकाय में संचालित स्टॉर कॉलेज योजना के विषय में भी जानकारी दी।महाविद्यालय की आई०क्यू०ए०सी० प्रभारी डॉ. मधुरानी शुक्ला मे भी महाविद्यालय की उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डाला। एनएसएस, यूथ रेडक्रॉस, मेडिकल सेंटर, प्लेसमेन्ट सेल, वुमेन सेल आदि की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होनें आंतरिक मूल्यांकन एवं फीडबैक प्रणाली पर भी चर्चा की महाविद्यालय की क्रीडा प्रभारी श्री पीयूष कांत भारद्वाज ने विभिन्न खेलों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं प्रतियोगिताओं पर छात्राओं को जानकारी। ग्रंथालय प्रभारी सुश्री साक्षी मेश्राम ने ग्रंथालय के नियमों एवं सुविधाओं पर चर्चा की।छात्राओं को बताया गया कि वे कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहे तथा 75 प्रतिशत उपस्थिति परीक्षा में शामिल होने के लिए आवश्यक है। छात्राओं को स्वीप कार्यक्रम एवं कोविड टीकाकरण की भी जानकारी दी गई।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित